# अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर प्रतिभावान दिव्यांगजन सम्मानित

**बीकानेर,** (कासं)।अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर जिला स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह मंगलवार को जिला उद्योग संघ सभागार में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास थे। उन्होंने कहा कि दिव्यांग व्यक्ति भी समाज के महत्वपूर्ण अंग हैं। ये सर्वांगीण रूप से आगे बढ़ें तथा समाज के विकास में इनका भी योगदान हो यह जरूरी है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा इस दिशा में पूर्ण संवेदनशीलता से कार्य किया जा रहा है। प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही दिव्यांगजन कल्याण योजनाएं और कार्यक्रम देश के लिए मिसाल हैं। उन्होंने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले दिव्यांगजनों का सम्मान दूसरों को प्रेरित करने वाला है।



जिला स्तरीय पुरस्कार वितरण समारोह में विधायक जेठानंद व्यास ने अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस पर प्रतिभावान दिव्यांग जनों को सम्मानित किया।

- व्यास ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय कार्य करने वाले दिव्यांगजनों का सम्मान दूसरों को प्रेरित करने वाला है
- नोखा में भी 24 दिव्यांग बालक बालिकाओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किए

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए जिला उद्योग संघ के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद पचीसिया ने कहा कि अनेक दिव्यांग जनों ने शारीरिक प्रतिकूलताओं के बावजूद सफलता के कीर्तिमान स्थापित किए हैं। यह इनकी प्रबल इच्छा शक्ति को दर्शाते हैं। उन्होंने कहा कि ऐसे लोगों का सम्मान करना प्रेरणास्पद है। सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के संयुक्त निदेशक एल.डी. पवार ने बताया कि जिला स्तर पर अंतर्राष्ट्रीय पैरा ओलंपिक श्यामसुंदर स्वामी, राष्ट्रीय रेप्लिका कलाकार कृष्णकांत व्यास, सौर ऊर्जा चेतना एवं विज्ञान शोध संस्थान तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सूचना सहायक अशोक कुमार शर्मा को पुरस्कार दिया गया। इन्हें प्रमाण पत्र एवं स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया।

इस दौरान सेवा संस्थान और कीन महाविद्यालय (विशेष विद्यालय) के विद्यार्थियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। कार्यक्रम में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के सहायक निदेशक हरिशंकर आचार्य, जिला क्षय रोग निराकरण अधिकारी डॉ. चंद्रशेखर मोदी और सहायक आचार्य सुनीता मोहित बतौर अतिथि मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के सहायक निदेशक डॉ अरविंद आचार्य ने किया। इस दौरान दिव्यांग सेवा संस्थान बीकानेर के प्रबंधक जेठाराम, स्पेशल एजुकेटर अनिल, जिला समाज कल्याण अधिकारी नंदकिशोर राजपुरोहित, अनुराधा पारीक, लक्ष्मी रावत, गुंजन तंवर सहित विशेष शिक्षक मौजूद थे।

नोखा में अंतरराष्ट्रीय दिव्यांग दिवस के अवसर पर संदर्भ कक्ष भटड़ राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल समारोह पूर्वक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। दृष्टिबाधित शिक्षक मनीष कुमार शर्मा राजकीय उच्च प्राथमिक स्कूल बुधरों की ढाणी को सम्मानित किया गया।

मनीष कुमार ने दृष्टि बाधित होते हुए भी प्रारंभिक शिक्षा एवं उच्च शिक्षा एवं उसके बाद डिग्री ब्रेल लिपि के माध्यम से प्राप्त की और आज सारे काम स्वयं करते हैं। मोबाइल के माध्यम से बैंक एवं शिक्षण संबंधी सारे प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। इसके बारे में विस्तृत जानकारी दी। जिससे माहौल रोमांचक बन गया। मुख्य अतिथि यूसीईओ नारायण दत्त ने दिव्यांग की महत्वपूर्ण जानकारी देते हुए हर स्तर पर दिव्यांग के सम्मान का अव्हान किया। आरपी हंसराज गोदारा ने शिक्षा विभाग एवं राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त समावेशित शिक्षण की विभिन्न योजनाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी।

विश्व दिव्यांग दिवस के अवसर पर विभिन्न गांवों से आये हुए 24 दिव्यांग बालक बालिकाओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार प्रदान किए गए। इन्होंने चित्रकला, गायन एवं मेरी पसंद कार्यक्रमों में भाग लिया था।

इस अवसर पर वरिष्ठ विशेष शिक्षक पीथ दान, संदर्भ व्यक्ति रणवीर सिंह, राकेश कुमार ने विभिन्न क्षेत्रों में गतिविधियों का आयोजन किया। फिजियोथेरेपिस्ट डॉ हैदर अली ने फिजियो के माध्यम से समावेशित बच्चों का संबलन किया। कार्यक्रम का संचालन दिनेश उपाध्याय ने किया। नथमल छीपा एवं रचना रामावत ने आभार व्यक्त किया।

## गौवंश को गुड़ व दलिया खिलाया

**श्रीगंगानगर,** (कासं)। श्री श्याम परिवार मंडल की स्थापना के 24 साल पूरे होने पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया।

मंडल के सेवादारों ने सुबह विधिवत रूप से बाबा श्याम का पूजन कर भोग लगाया। इसके बाद सुबह सुखाडिया सर्किल स्थित श्री गौशाला में सेवादारों ने गौवंश को अपने हाथों से 3 सवामणी दलिया, 1.50 क्विंटल गुड़, 5 क्विंटल हरा चारे सहित केले भी खिलाए। मंडल के छोटे से लेकर बड़े सेवादारों ने गो सेवा कर आशीर्वाद लिया। मंडल के सेवादार रोहित शेरेवाला ने बताया कि मंडल की गतिविधियों के तहत सदस्यों की ओर से समय-समय पर किसी न किसी गौशाला में जाकर गायों की सेवा की जाती है। इससे समाज में सेवा की भावना पैदा होती है।

गो सेवा मानव सेवा से बढ़कर है संपूर्ण पृथ्वी का धर्म व संस्कृति गो सेवा पर आधारित मानी गई है। इसी बात को ध्यान में रखते हुए गो सेवा के लिए ज्यादा से ज्यादा लोगों को प्रेरित करने के लिए प्रयास किया गया है। सेवादारों ने गोमाता व राधा-कृष्ण के जयकारे लगाकर माहौल को भक्तिमय कर दिया। मंडल के सेवादारों ने गौ सेवा में सभी लोगों से आगे बढ़कर योगदान करने का आग्रह किया।

रोहित शेरेवाला ने बताया कि स्वामी दयानंद मार्ग पर राहगीरों के लिए हलवा-छोले व समोसे आदि का भंडारा लगाया गया। इससे पहले बाबा श्याम को भोग लगाया गया। यहां से आने-जाने वाले लोगों ने बाबा का प्रसाद ग्रहण कर बाबा के नाम के जयकारे भी लगाए। इस दौरान धनराज गुप्ता, लोकेश जैन, अमित जैन, दीपक शेरेवाला, चैतन्य लीला मौजूद थे।

## सार-समाचार

### दलहन को टैक्स फ्री करने की मांग



नोखा कच्ची आढ़त व्यापार संघ अध्यक्ष शिव कुमार डेलू ने एसडीएम को सी.एम. के नाम ज्ञापन सौंपा।

**नोखा,** (कासं)। कच्ची आढ़त व्यापार संघ नोखा के अध्यक्ष शिव कुमार डेलू ने एसडीएम को मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देकर दलहन को टैक्स फ्री करने की मांग की है। शिवकुमार डेलू ने बताया कि राजस्थान में करीब 466 दलहन इकाइयां कार्यरत हैं। जिसमें हम सालभर में करीब 2 से 3 माह एक राजस्थान में माल उपलब्ध नहीं होने के कारण अन्य राज्य से माल की उपलब्धता करवा कर हमारे यहां पर प्रोसेसिंग इकाईयों को निरंतर चलाते हैं। जिससे यहां के मुनीम, मजदूर और अन्य प्रकार के लोगों को रोजगार मिल सके। साथ ही हमारी इकाईयां भी सुचारू रूप से चल सकें। व्यापारियों पर लोन और अन्य ईएमआई जैसे भार ना पड़ें, इसके लिए हम सभी व्यापारी राजस्थान के बाहर से माल मंगवाकर आपूर्ति पूर्ण करते हैं। मगर राजस्थान सरकार की ओर से अभी अधिसूचना जारी कर संशोधन किया गया। जिसमें राज्य के बाहर से दलहन को प्रसंकरण के लि जाने पर 1.6 फीसदी मंडी टैक्स और .50 फीसदी कृषक कल्याण वीस होगी। इस निर्णय के विरोध में 4 दिसम्बर को सांकेतिक हड़ताल की जायेगी। यदि मांग पूरी नहीं की गई तो 4 दिसम्बर की शाम को मीटिंग बुलाकर कठोर कदम उठाना पड़ेगा।

### नशा मुक्ति केन्द्र का निरीक्षण किया





सी.एम.एच.ओ. और डी.सी.ओ. ने रानी बाजार स्थित नशा मुक्ति केन्द्र का निरीक्षण किया।

**बीकानेर,** (कासं)। जिले में संचालित नवाचार नशा मुक्ति अभियान के अंतर्गत संभागीय आयुक्त वंदना सिंघवी के निर्देश पर मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ राजेश कुमार गुप्ता तथा औषधि नियंत्रण अधिकारी राजेश कुमार मीणा ने रानी बाजार स्थित रोग निवारण डी एडिक्शन एंड डेंटल हॉस्पिटल का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल में दी जा रही सेवाओं, भर्ती प्रक्रिया, दवाईयां की उपलब्धता तथा स्टाफ को लेकर गहन पड़ताल की। डॉ गुप्ता ने बताया कि नशा मुक्ति केन्द्र का रखरखाव तथा संसाधनों की उपलब्धता सहित कमोबेश व्यवस्थाएं ठीक पाई गई। उन्होंने उपचार रत तीन भर्ती मरीजों तथा उनके परिजनों से उपलब्ध सेवाओं को लेकर फीडबैक लिया। नशा मुक्ति केन्द्र प्रभारी डॉ हरमीत सिंह के साथ नशा प्रवृत्ति में जिले के वर्तमान परिदृश्य पर चर्चा की और विभिन्न जागरूकता गतिविधियां करवाने हेतु अस्पताल प्रबंधन को निर्देश दिए गए। केन्द्र प्रभारी को निजी अस्पताल पर लागू समस्त नियमों के शत प्रतिशत पालन करने, दवाईयां तथा उपलब्ध संसाधनों का समुचित स्टॉक रजिस्टर संधारित रखने के निर्देश दिए।

### व्हील चेयर व 100 कंबल भेंट



पीबीएम नेत्र चिकित्सालय में पैमासर निवासी भामाशाह गणेश चौधरी ने व्हील चेयर व स्ट्रक्चर भेंट किये।

**बीकानेर,** (कासं)। सरदार पटेल मेडिकल कॉलेज से संबद्ध पीबीएम नेत्र चिकित्सालय में मंगलवार को पैमासर निवासी भामाशाह गणेश चौधरी ने मरीजों की सुविधा हेतु एक व्हील चेयर, एक स्ट्रक्चर, एक टोनोमीटर तथा 100 कंबल भेंट किए। इस दौरान एसपी मेडिकल कॉलेज प्राचार्य एवं नियंत्रक डॉ. गुंजन सोनी, पीबीएम अधीक्षक डॉ. पी.के. सैनी, डॉक्टर अनिल चौहान, डॉ. प्रमोद ठकराल, नर्सिंग ऑफिसर महिपाल नेहर तथा मांगीलाल चौधरी आदि उपस्थित थे । इस अवसर पर प्राचार्य डॉक्टर सोनी ने कहा कि बीकानेर के भामाशाह नर सेवा नारायण सेवा के भाव से अस्पताल में सुविधाएं उपलब्ध करवाते है जो कि एक सराहनीय कार्य है। इससे अन्य सक्षम व्यक्ति भी प्रेरित होकर चिकित्सालयों में जन सहयोग की भावना रखते हैं।

# सात साल से अटका आरओबी, 3 साल से आयुर्वेद कॉलेज!

**बीकानेर,** (कासं)। बजट में जनहित में की गई घोषणाओं को पूरा कराने में सरकार खासी तत्परता दिखा रही है। इससे उलट पिछली सरकारों में की गई घोषणाओं को ठंडे बस्ते में डाल रखा है। सात साल पुराने लालगढ़ आरओबी पर दीया कुमारी मौन हैं। आयुर्वेद कॉलेज पर यूडीएच विभाग खामोश है।

2021 में तत्कालीन अशोक गहलोत सरकार ने कोरोना के बाद आयुर्वेद की ओर बढ़े रूझान को देखते हुए बीकानेर, जयपुर, कोटा, सीकर व भरतपुर में राजकीय आयुर्वेद व योग व प्राकृतिक चिकित्सा एकीकृत महाविद्यालयों की स्थापना का ऐलान किया था। इसके साथ ही उदयपुर में राजकीय योग व प्राकृतिक चिकित्सा महाविद्यालय का ऐलान किया था। सिर्फ बीकानेर को छोड़ बाकी संभाग मुख्यालयों पर कुछ जगह आयुर्वेद कॉलेज में एडमिशन तक हो गए। दो

- बीकानेर में अब तक आयुर्वेद कॉलेज के लिए जमीन तक तय नहीं हुई

मंजिला इमारतें तक बन गई लेकिन बीकानेर में अब तक कॉलेज कहां बनेगा इसके लिए जमीन तक तय नहीं हुई। इसके लिए जितना जिम्मेदार आयुर्वेद विभाग है, उससे कहीं ज्यादा सरकार। रवैया सिर्फ इस बात से समझ आता कि 100 करोड़ से ड्रेनेज समेत जो भी घोषणाएं इस सरकार में हुई उसकी समीक्षा दो बार हो गई।

पूरे शहर को आयुर्वेद का फायदा मिले उस पर प्रभारी मंत्री भी नहीं जानना चाहते कि कॉलेज किस हाल में है। लालगढ़ आरओबी के निर्माण का ऐलान पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे ने किया था। 2018 में जब सरकार बदली तो लालगढ़ आरओबी के दिन भी फिर गए और उसमें लगातार रूकावटें होती रही। कोर्ट से निर्माण पर रोक लग गई। दो महीने पहले रोक हटी तो आरएसआरडीसी ने वापस काम कराने के लिए पीडब्लयूडी मंत्री दीया कुमारी को मंजूरी के लिए फाइल भेजी मगर दो महीने से बीकानेर के 50 हजार लोगों को राहत देने वाली फाइल पर दीया कुमारी मौन हैं।

पंकज मरोलिया, आयुर्वेद अधिकारी बीकानेर का कहना है कि पहले जहां जगह मिली थी वहां निर्माण नहीं हुआ तो जिला प्रशासन ने जोडबीड़ में जगह दिलाने को बोला। यूआईटी राजी है और प्रस्ताव सरकार के पास भेजा है। यूडीएच विभाग एक कमेटी गठित करेगा। कमेटी प्रस्ताव में बताई गई जगह को मंजूर करेगी। उसके बाद ही निर्माण हो सकेगा।

## रेल कर्मचारी यूनियनों के चुनाव 6 तक

**बीकानेर,** (कासं)। रेलवे कर्मचारी यूनियनों की मान्यता चुनाव 4 से 6 दिसम्बर तक होंगे। इसमें उत्तर-पश्चिम रेलवे के 47 हजार रेल कर्मी भाग लेंगे। उत्तर-पश्चिम रेलवे द्वारा यूनियनों की मान्यता के लिए होने वाले चुनावों की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं।

उत्तर-पश्चिम रेलवे ने यूनियनों की मान्यता के लिए होने वाले चुनावों के लिए बीकानेर, जयपुर, अजमेर, जोधपुर मंडल में 84 बूथ बनाए हैं जिसमें 23 बूथ बीकानेर मंडल में बनाए गए हैं। इन चुनावों के परिणाम 12 दिसम्बर को घोषित होंगे। चुनावों में 4 संगठनों के बीच मान्यता को लेकर मतदान होगा।

इसमें से 2 यूनियनों को मान्यता मिलेगी जो अगले पांच साल तक रेल कर्मचारियों के हितों की बात उठा सकेंगे। मान्यता प्राप्त संगठन रेलवे के साथ कर्मचारियों की हितों की बात करने के लिए अधिकृत होगी।

# कुत्ता आगे बाने से बाइक सवार गिरा, एक की मौत

**हनुमानगढ़,** (कासं)। जिले के गोगामेड़ी थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में बाइक सवार एक व्यक्ति की मौत हो गई। हादसे में दूसरा व्यक्ति घायल हो गया। हादसा बाइक के आगे अचानक कुत्ता आने से हुआ। मृतक बरवाली गांव का निवासी था, जो भादरा की ओर जा रहा था। पुलिस ने मृतक के चचेरे भाई की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर हादसे की जांच शुरू कर दी है।

गोगामेड़ी थाना प्रभारी एसआई संतोष ढाका ने बताया कि सुबह 11 बजे सड़क हादसे की सूचना मिली थी। हादसा थाना क्षेत्र के गांव 15 डीपीएन के पास हुआ था। बरवाली गांव के रहने वाले दो लोग बाइक पर सवार होकर रामगढ़ से भादरा की ओर जा रहे थे। इसी दौरान अचानक बाइक अनियंत्रित होने से दोनों सड़क पर गिर गए। घायल हनुमान (45) पुत्र रामकुमार जाट निवासी बरवाली की मौत हो गई।

बाइक पर सवार दूसरे व्यक्ति को

- हादसे में दूसरा व्यक्ति घायल हो गया
- कुत्ता आगे आने पर बाइक अनियंत्रित होने से दोनों सड़क पर गिर गए

मामूली चोट आई है। हादसा बाइक के आगे कुत्ता आने से हुआ। घायल का रामगढ़ के अस्पताल में प्राथमिक इलाज किया गया। पुलिस ने मृतक हनुमान का शव रामगढ़ के अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया और परिजनों को सूचना दी। थाना प्रभारी ने बताया कि बाइक सवार दोनों लोग रामगढ़ से भादरा की ओर जा रहे थे। सूचना पर पहुंचे मृतक के चचेरे भाई पवन कुमार पुत्र बनवारी लाल जाट ने गोगामेड़ी थाने में रिपोर्ट दी है।

# महिला से मारपीट, नुकीली चीज से हमला

**बीकानेर,** (कासं)। राजू देवी के साथ मारपीट का परिवाद सदर थाने में पेश किया गया है। जानकारी के अनुसार आपसी विवाद के फैसले की नकल लेने उपखंड कार्यालय बीकानेर आई थी। बीकानेर में एसडीएम कोर्ट के बाहर इस मामले से वहां अफरा-तफरी मच गई थी।

बताया जा रहा है कि इस दौरान दोनों पक्षों में जमकर लात-घूंसे चले। घटना बीते दिन की बताई जा रही है। परिवाद में राजू देवी ने बताया है कि 2 दिसम्बर को शाम पौने पांच बजे जब वह एसडीएम कार्यालय से निकली तो वहां पहले से मौजूद शिव सुथार,सुमन सुथार व लक्ष्मी देवी सुथार ने उस पर हमला कर दिया।

इस दौरान शिव सुथार ने मेरा हाथ

- मारपीट करने वाले आपस में रिश्तेदार हैं, दोनों पक्षों में लात-घूसे चले

पकड़कर मेरा गला पकड़ लिया व सुमन के हाथ में नुकीली हथियारनुमा वस्तु से मेरे हाथ तथा मुंह पर वार किया। जिससे मेरे चोटें आई है। परिवादिया ने पुलिस को बताया है कि शिव सुथार, सुमन सुथार व लक्ष्मी देवी के खिलाफ मामला दर्ज कर न्याय दिया जाए। जानकारी मिली है कि राजूदेवी व उनके साथ मारपीट करने वाले एक दूसरे के रिश्तेदार है। इसमें दो महिलाओं में एक राजू देवी की ननद और एक सास बताई जा रही है।

## युवक ने फांसी लगाई

**बीकानेर,**(कासं)। यहां विश्वकर्मा गेट के पास हरिजन बस्ती में रहने वाले 17 साल के युवक ने सुसाइड कर लिया। सुसाइड का कारण सामने नहीं आया है। पोस्टमार्टम के बाद आगे की कार्रवाई की जायेगी।

नयाशहर थाने के पास स्थित बस्ती में रहने वाले तुषार चांवरिया पुत्र पवन चांवरिया ने खुद को अपने घर के अंदर बंद कर लिया था। युवक कमरे में फंदे पर लटक गया। काफी देर तक कमरे से बाहर नहीं आने पर परिवार ने देखा तो सुसाइड का पता चला। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर छानबीन की। शव को पीबीएम हॉस्पिटल ले जाया गया। शव पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया गया है। घटना स्थल से कोई सुसाइड नोट नहीं मिला। माना जा रहा है कि तनाव के कारण युवक ने सुसाइड किया है।

# डेंगू के मामलों में बीकानेर प्रदेश में पहले नंबर पर

**बीकानेर,**(कासं)। इस साल 1397 पॉजिटिव रोगियों के साथ डेंगू में बीकानेर प्रदेश में पहले पायदान पर है। दूसर स्थान पर जयपुर में 1305 और तीसरे स्थान पर रहने वाले उदयपुर में 1232 केस पॉजिटिव आए हैं। शनिवार को एक महिला की मौत हो गई। इस बीमारी से पीबीएम हॉस्पिटल में कुल 6 रोगियों की मौत हुई है।

पीबीएम हॉस्पिटल संभाग का बड़ा हॉस्पिटल होने के कारण यहां बीकानेर के अलावा आस-पास के जिलों से भी मरीज आते हैं। इस साल पीबीएम में 20318 रोगियों के डेंगू की जांच हुई है, जिसमें से 1397 केस पॉजिटिव आए हैं। जबकि सीएमएचओ की रिपोर्ट में जिले के डेंगू पॉजिटिव

- पीबीएम हॉस्पिटल में इस साल डेंगू के 1397 पॉजिटिव केस रिपोर्ट, प्रदेश में सबसे ज्यादा

रोगियों की संख्या 956 है। इस लिहाज से देखें तो प्रदेश के 50 जिलों में बीकानेर जयपुर और उदयपुर के बाद तीसरे नंबर पर है, जबकि पीबीएम हॉस्पिटल के आंकड़ों को देखने पर बीकानेर प्रदेश में पहले नंबर पर आ गया है। डेंगू ने इस साल जिले में पिछले तीन साल का रिकॉर्ड तोड़ा है। 2021 में सबसे ज्यादा 1152 डेंगू रोगी रिपोर्ट हुए थे।

उसके बाद 2022 में 783 और 2023 में 337 पॉजिटिव केस आए थे। डॉक्टरों का कहना है कि पीबीएम हॉस्पिटल में डेंगू रोगियों का ग्राफ कुछ कम हुआ है, लेकिन पॉजिटिव केस अब भी आ रहे हैं। शनिवार और रविवार को 256 रोगियों की जांच हुई थी। सोमवार को आई रिपोर्ट में डेंगू के 11 केस पॉजिटिव रिपोर्ट हुए हैं। पिछले दो महीने में डेंगू के हर रोज 30 से 46 केस तक पॉजिटिव आ रहे थे। डेंगू वार्ड में अब भी 35 रोगी भर्ती हैं।

मेडिसिन विभाग के आउटडोर में रोगियों का आंकड़ा भी 800 से गिरकर 600 पर आ गया है। अब वायरल बुखार, सर्दी, जुकाम और अस्थमा के मरीज ज्यादा आने लगे हैं।

**सशस्त्र सेना झंडा दिवस 7 को :** संपूर्ण देश में सशस्त्र सेनाओं की ओर से देश की रक्षा में सीमाओं की सुरक्षा के दौरान जवानों की ओर से दिए गए बलिदान एवं पराक्रम के सम्मान में 7 दिसम्बर को सशस्त्र सेना झंडा दिवस मनाया जायेगा। जिला सैनिक कल्याण अधिकारी कर्नल आत्मेश बेनीवाल ने बताया कि इस दिन विशेष तरह के झंडे एवं स्टीकर्स भेंटकर आम जनता का सहयोग तथा भागीदारी हांसिल करके धन एकत्रित किया जाता है।




सूचना

मुद्दा अलैह मोहम्मद वकार पुत्र लियाकत अली, नाइयों की मस्जिद के पास, सुभाषपुरा, बिकानेर, दारूल क़ज़ा में हाजिर हो। मुददइय्या नाजिया पुत्री महमूद अली 64, कली का भट्टा, देहली बाईपास, ईदगाह ने दारूल क़ज़ा इदारा ए शरइया जयपुर में जो तकिया आदम शाह घाट गेट, जयपुर में वाकेअ है। अपने शौहर मुद्दा अलैह के नाम यह दावा किया है कि: असका शौहर उसे नान व नफ्का से महरूम रख कर कहीं फरार हो गया है। मुद्दा अलैह जहां कहीं भी हो 25 दिसम्बर,2024 तक वह दारूल क़ज़ा में दाखिल करे वर्ना मुददइय्या के पेश हिए गए सुबूतों व गवाह की रोशनी में उसका निकाह, फ़स्क कर दिया जाएगा। फिर उसके बाद उसका कोई उज्र व ऐतराज काबिले समाअत नहीं होगा।

मुहम्मद गुफरान रज़ा मिस्बाही 9785170335


# सफाई कर्मचारी भर्ती को लेकर विरोध शुरू, वाल्मीकि समाज का कलेक्ट्रेट पर महापड़ाव

**बीकानेर,** (कासं)। राज्य सरकार का एक साल का कार्यकाल पूरा होने के उपलक्ष में स्वायत्त शासन विभाग 12 दिसम्बर को सफाई कर्मचारियों को नियुक्ति पत्र देने की तैयारी में जुटा है। दूसरी तरफ प्रदेशभर में सफाई कर्मचारी भर्ती को लेकर विरोध शुरू हो चुका है। जिसके चलते आज बीकानेर में भी वाल्मीकि समाज की ओर से जिला कलेक्टर कार्यालय के सामने महापड़ावा डाला गया।

आन्दोलन कर रहे लोगों का आरोप है कि कई नगर निगम बीकानेर सहित अनेक निकायों में अनुभव प्रमाण-पत्र ही जारी नहीं हुए। विभागीय साइट पर अनुभव प्रमाण पत्र अपलोड ही नहीं हुए। ऐसे में करीब 50 फीसदी आवेदक बिना लॉटरी के ही बाहर हो चुके हैं। कर्मचारी नेता शिवलाल तेजी का कहना है कि जिन्होंने अन्य संस्थाओं जैसे अस्पताल, पुलिस, होटल,स्कूल



बीकानेर में सफाई कर्मचारियों की भर्ती रद्द करने की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पर वाल्मीकि समाज ने महापड़ाव डाला।

आदि के अनुभव प्रमाण-पत्र लिए और 27 के बाद नए अनुभव प्रमाण-पत्र लगा देने की प्लानिंग की। वे सब आवेदक भर्ती से बाहर हो चुके हैं। राज्य सरकार ने वाहावाही बटोरने के लिए 51 दिन में तीन बार तारीखें बढ़ा दी।

संयोजक नंदलाल जावा का कहना है कि 28 नवम्बर से 5 दिसम्बर तक त्रुटि सुधार करने की बात कही गई।

- नगर निगम बीकानेर सहित अनेक निकायों में अनुभव प्रमाण-पत्र ही जारी नहीं हुए
- ऐसे में करीब 50 फीसदी आवेदक बिना लॉटरी के ही बाहर हो चुके हैं

लेकिन अनुभव प्रमाण-पत्र जारी करने व जमा कराने की अंतिम तारीख 27 नवम्बर ही रखी गई। ऐसे में हजारों आवेदकों ने अनुभव प्रमाण-पत्र तो प्राप्त किए लेकिन जमा नहीं हो सके। जावा ने कहा कि सरकार को चाहिए कि वे अनुभव प्रमाण पत्र अपलोड करने के लिये साइट को खोले या फिर बीकानेर नगर निगम की भर्ती को रद्द करें।

## आज पेयजल आपूर्ति नहीं होगी

**बीकानेर,** (कासं)। शहरी क्षेत्र के कई मोहल्लों में बुधवार को पेयजल आपूर्ति नहीं होगी।

जलदाय विभाग ने इस संबंध में सूचना जारी की है। दरअसल बीछवाल हैड वर्क्स पर पंप मोटर वॉल्व आदि की मरम्मत का कार्य बुधवार को होगा। इसके मद्देनजर बुधवार को बीछवाल हैड वर्क्स से जुड़े क्षेत्रों जलापूर्ति नहीं होगी।

जलदाय विभाग के अधिशासी अभियंता कैलाश चंद माली ने बताया कि बीछवाल से जुड़े सुभाषपुरा, इन्दिरा कॉलोनी, पुरानी गिन्नाणी, हनुमान हत्था, धोबीधोरा, डुप्लेक्स कॉलोनी, सांखू डेरा, जयनारायण व्यास कॉलोनी, सार्दुलगंज, रथखाना, पवनपुरी, रानी बाजार, औद्योगिक क्षेत्र रानी बाजार खतूरिया कॉलोनी, शिवबाड़ी आदि क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति आंशिक रूप से बाधित रहेगी। वहीं जैल जोन हैड वर्क्स से जुड़े क्षेत्रों यथा धोबी तलाई, जोशीवाड़ा, गोगागेट, रानी बाजार, कोटगेट आदि क्षेत्रों में पेयजल आपूर्ति पूर्णतया बाधित रहेगी।

प्रपत्र संख्या 7(देखिये नियम21)
कार्यालय सहायक आयुक्त देवस्थान विभाग , बीकानेर
राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 18(2)के अधीन

मु.नं.91/2024/3328 दिनांक:-29.11.24

सर्वसाधारण को सूचनार्थ हेतु
नोटिस

समस्त संबंधित व्यक्तियों को (नाम, वर्णन तथा निवास स्थान)

चूंकि रतनलाल पुगलिया पुत्र श्री गोपीदास जी निवासी 7/18 विद्याधर नगर जयपुर ने राजस्थान सार्वजनिक प्रन्यास अधिनियम 1959 की धारा 17(1) के अंतर्गत मानव सेवा समिति, बीकानेर प्रन्यास के संबध में जांच किये जाने के लिये आवेदन पत्र दिया है। अतएव अधिनियम की धारा 18 की उपधारा(2) द्वारा प्रदत्त शक्तियो के प्रयोग में उपर्युक्त, जिसकी जांच की जा रही है, में हित रखन वाले समस्त व्यक्तियों के नाम व्यापक जानकारी के लिये यह नोटिस प्रकाशित किया जाता है कि वे इस नोटिस के जारी होने की तारीख से साठ दिन के भीतर उक्त प्रन्यास के संबंध में आपत्ति यदि कोई हो, प्रस्तुत करे।

और यह भी सूचित किया जाता है कि यदि उपरोक्त अवधि के भीतर कोई आपत्तियों प्रस्तुत नहीं की गई तो उक्त आवेदन पत्र निर्धारित रीति स निष्कर्ष किया जावेगा तथा जांच ग्रसित मामले में निष्कर्ष अभिलिखित किया जायेगा। आज दिनांक 27.11.2024 को मेरे हस्ताक्षर व कार्यालय की मोहर के अधीन जारी किया गया। प्रकरण की सुनवाई दिनांक 03.02.2025 निश्चित है।

सहायक आयुक्त
देवस्थान विभाग बीकानेर
तहसीलदार(राजस्व)